15(1)

# मंथन



## 26 जनवरी 2021

स्टाफ क्लब
सीएसआईआर- हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
पालमपुर, हिमाचल प्रदेश, भारत

# मंथन

स्टाफ क्लब, सी.एस.आई.आर.- हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर

---

**वर्ष 15** **अंक 1** **26 जनवरी, 2021**

---

## आमुख

स्टाफ क्लब की पत्रिका "मंथन" 2021 का पहला अंक आपके समकक्ष प्रस्तुत है। आपके अन्दर विद्यमान वे प्रतिभायें, जिन्हें आप बोल कर या अन्य किसी रूप में व्यक्त नहीं कर सकते, उन्हें मंथन के माध्यम से लघुलेख, कथा, कलाकृति, रेखाचित्र, कविता या अन्य किसी भी रूप में व्यक्त कर सकते हैं तथा छिपी प्रतिभा को निखार सकते हैं।

**"मंथन की भावना है- भावनाओं का मंथन"**

स्टाफ क्लब के सभी सदस्यों एवं उनके परिजनों से निवेदन है, कि वे मंथन के आगामी अंकों के लिए भी प्रविष्टियां देते रहें, ताकि मंथन के आने वाले अंक समय से प्रकाशित किया जा सके।

इस अंक में प्रविष्टियां देने एवं सहयोग करने वालों का स्टाफ क्लब की ओर से धन्यवाद।

**संपादक:** शशी भूषण
**संकलन:** सौरभ शर्मा

# विषय सूची


| क्रम संख्या | शीर्षक | लेखक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | आया एक बार फिर से गणतंत्र दिवस है | जगदीप सिंह | 4 |
| 2. | मेरा देश | नीतू सिंह | 5 |
| 3. | वीर शहीदों के बलिदान से | जगदीप सिंह | 6 |
| 4. | हां मैं हूँ | नीतू सिंह | 7 |
| 5. | Serving Humanity | घृताशी नड्डा | 8 |
| 6. | लिडार क्या है ? | मीनाक्षी | 9 |
| 7. | HUMAN | विवेक दास | 10 |


**हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान के परिवार के बच्चों की कृतियाँ**


| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | | घृताशी नड्डा | 11 |
| 8. | | आदित्य द्विवेदी | 12 |
| 9. | | दिव्यम नड्डा | 13 |
| 10. | | विवेक दास | 14 |
| 11. | | माही गहलोत | 15 |
| 12. | | माही गहलोत | 16 |
| 13. | | सुचेता रॉय | 17 |
| 14. | | असकिनी शर्मा | 18 |
| 15. | | ईशांत शर्मा | 19 |
| 16. | | दीप्तांशु गाइन | 20 |
| 17. | | देवांगना गाइन | 21 |
| 18. | | जसप्रीत कौर | 22 |
| 19. | | आरवी स्वर्णकार | 23 |

26 जनवरी, 2021



# वीर शहीदों के बलिदान से

आज तिरंगा फहराता है अपनी पूरी शान से
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।

आज़ादी के लिए हमारी लंबी चली लड़ाई थी
लाखों लोगों ने प्राणों से कीमत बड़ी चुकाई थी।

व्यापारी बनकर आए और छल से हम पर राज किया।
हमको आपस में लड़वाने की नीति अपनाई थी।

हमने अपना गौरव पाया, अपने स्वाभिमान से।
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।

गांधी, तिलक, सुभाष, जवाहर का प्यारा यह देश है।
जियो और जीने दो का सबको देता संदेश है।

प्रहरी बनकर खड़ा हिमालय जिसके उत्तर द्वार पर।
हिंद महासागर दक्षिण में इसके लिए विशेष है।

लगी गूँजने दसों दिशाएँ वीरों के यशगान से।
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।

हमें हमारी मातृभूमि से इतना मिला दुलार है।
उसके आँचल की छैयाँ से छोटा ये संसार है।

हम न कभी हिंसा के आगे अपना शीश झुकाएँगे।
सच पूछो तो पूरा विश्व हमारा ही परिवार है।

विश्वशांति की चली हवाएँ अपने हिंदुस्तान से।
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।

**जगदीप सिंह**

**26 जनवरी, 2021**



# मेरा देश

जान लुटा दी जिस देश को बचाने में शहीदों ने,

बांट डाला टूकडों में मेरे देश को गद्दारों ने !

अब ये आपस में लड़ते हैं धर्म - धर्म ये करते हैं,

कभी जाति कभी अमीरी में ये उलझे से रहते हैं !

भूल गए महत्व ये आज़ादी का अब मोहब्बत झूठी करते हैं,

पहले दीवाली संग दीपक ईद पर भी जलाते थे अब तो देश जलाते हैं !

यूं मोहब्बत मेरे देश से कुछ खफा सी हो गई है,

मेरे देश के महबूब अब अंगारे उगलते हैं!

बस एक दिन का तिरंगा इन्हें याद आता है,

पूरे साल चोरी खून रेप यहां होता रहता है!

जो बन जाए कोई नेता वो भ्रष्ट हो जाता है,

मेरे देश में इतना सुकून है कि हर कोई लूटना चाहता है!

धर्म और जाति देख यहां गले मिला जाता है,

क्या शहीदों से भी उनका धर्म पूछा जाता है!

अजीब विडंबना है मेरे देश की,

जो युवा खुद को देशभक्त बताता है,

कर शहीदों को याद,

बस एक दिन यह तिरंगा लहराता है!

**नीतू सिंह**

26 जनवरी, 2021



# “आया एक बार फिर से गणतंत्र दिवस है”

आया एक बार फिर से गणतंत्र दिवस है सभी के दिल में फिर से ख़ुशी का दौर है।

सभी रहे है झूम सभी रहे है नाच देखो सभी के चेहरों में कितनी ख़ुशी का दौर है।।

मेरे देश का मान हमेशा बनाये रखूँगा दिल तो क्या जान भी इस पर न्योछावर करूँगा।

अगर मिले मौका देश के काम आने का तो बिना कफ़न के ही देश के लिए सो जाऊंगा।।

वीरों के बलिदान की कहानी हैं ये माँ के कुर्बान लालो की निशानी हैं ये।

उन शहीदों की कहानी हैं ये जिनके कारण मिली अनमोल निशानी हैं ये।।

मुकुट हिमालय हृदय में तिरंगा आँचल में गंगा लायी है।

सब पुण्य, कला और रत्न लुटाने देखो भारत माता आयी है।।

ना पूछो जमाने से कि हम क्या है और क्या हमारी कहानी है।

हमारी पहचान तो बस इतनी है कि हम सब हिन्दुस्तानी हैं।।

कोई मस्ती तो कोई चाह पे मरता है कोई मोहब्बत तो कोई लगाव पे मरता है।

यह देश है उन दीवानों का है यहां हर कोई अपने देश हिंदुस्तान पे मरता।।

मेरी आन तिरंगा है,मेरी शान तिरंगा है, मेरा अरमान तिरंगा है, मेरा अभिमान तिरंगा है।

वीर जवानो का मान तिरंगा है, ये देश हिन्दुस्तां है, यंहा हर किसी की जान तिंरगा है।।

**जगदीप सिंह**



# हां मैं हूं

तुम  ख्वाब ऊंचे देखना, ताकि देख़ ना सको समाज की "रूढ़िवादी" सोच को!
तुम पांव लंबे रखना, ताकि रास्ते में पड़े कांटे रोक न सके तुम्हारे "सफर" को!
तुम खुद को मजबूत  रखना , ताकि तोड़ न सके कोई तुम्हारे "सपनों" को!
अपने हृदय को पत्थर समान रखना,
ताकि कोई दूसरा  ठेस ना पहुंचा सके तुम्हारी "भावनाओं" को!
खुद की मर्यादाएं स्वयं बनाएं रखना,
ताकि कोई भी लांघ न सके तुम्हारी "मर्यादाओं" को!
तुम लड़की हो हमेशा याद रखना,
ताकि मौका न मिल सके किसी दरिंदे को जो याद दिलाएं तुमको!
आवाज़ खुद की बुलंद रखना, ताकि कोई,
गलत ना सिद्ध कर सके तुम्हारी सच्चाइयों को!
परिवार का साथ तुम हमेशा रखना, ताकि कोई छल ना सके तुम्हारे "अकेलेपन" को!
तुम कभी हारती नहीं ये याद रखना,
ताकि कोई हरा ना सके कहकर "यह समाज क्या कहेगा" के तानों से तुमको!
तुम्हारे चेहरे के रगं से सुन्दरता स्वयं ही समझना,
ताकि कोई उलझा ना सके काले गोरे के "रंगभेद" में तुमको!
तुम ही जनोंगी एक पुरुष को समझना,
ताकि कोई डरा ना सके "वो पुरुष है" कहकर तुमको!
तुम राहों में हर मोड़ से गुजरना,
ताकि कोई रख ना सके घर की "चारदीवारी" तक तुमको!
तुम सीखने की एक जिज्ञासा रखना,
ताकि कोई गुमराह ना सके अपनी चालाकी से तुमको!
तुम स्त्री होकर स्त्री को भी समझना,
ताकि पुरुष कोई हरा ना सके दो स्त्रियों की लड़ाई से तुमको!
तुम सम्मान स्वयं अपना बनाएं रखना,
ताकि कोई झुका ना सके तुम्हारे सम्मान से ही तुमको!

**नीतू सिंह**

# SERVING HUMANITY

**Once upon a time there lived a doctor.**

**He was very kind and helpful.**

**One day late at night he received a call from a soldier.**

**The soldier was badly injured and needed first aid urgently.**

**The doctor rushed to the soldier and treated him.**

**The soldier thanked the doctor for his help and concern.**

**The doctor said it was his duty to serve people in need.**

**He also praised soldier for serving the nation and said that**


**he was the Real Hero.**

घृताशी नड्डा



# लिडार क्या है ?





**लिडार** अथवा **लेसरअवरक्त रेडार** (LiDAR) सुदूर संवेदन प्रौद्योगिकी है जो दूरी के मापन के लिए लक्ष्य पर लेसर प्रकाश भेजता है और परावर्तित प्रकाश का विश्लेषण करता है|ये प्रकाश तरंगें--अन्य डेटा के साथ संयुक्त हवाई प्रणाली द्वारा दर्ज की गई पृथ्वी के आकार और उसकी सतह विशेषताओं के बारे में सटीक, तीन आयामी जानकारी उत्पन्न करते हैं।

लिडार इंस्ट्रूमेंट में मुख्य रूप से एक लेजर, एक स्कैनर और एक विशेष जीपीएस रिसीवर होता है| व्यापक क्षेत्रों पर लिडार डेटा प्राप्त करने के लिए हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले मंच हैं | दो प्रकार के लिडार स्थलाकृतिक और बाथमीट्रिक हैं।

स्थलाकृतिक लिडार आमतौर पर भूमि का नक्शा बनाने के लिए एक निकट अवरक्त लेजर का उपयोग करता है, जबकि बाथिमेट्रिक लिडार जल-मर्मज्ञ हरी प्रकाश का उपयोग करता है ताकि सीफ्लोर और रिवरबेड ऊँचाई को भी मापा जा सके।

## लिडार डेटा कैसे एकत्र किया जाता है?

जब एक हवाई लेजर को जमीन पर एक लक्षित क्षेत्र में इंगित किया जाता है, तो प्रकाश की किरण है जिससे उसका सामना होता है, उस सतह से परावर्तित होती |

सेंसर एक श्रेणी को मापने के लिए इस परावर्तित प्रकाश को रिकॉर्ड करता है| जब लेजर रेंज को स्थिति और अभिविन्यास(orientation) डेटा के साथ जोड़ा जाता है, तो एकीकृत जीपीएस और इनर्शियल मेजरमेंट यूनिट (IMU) सिस्टम से उत्पन्न डेटा, स्कैन कोण, और अंशांकन डेटा (calibration data), परिणामस्वरूप ऊंचाई बिंदुओं का एक विस्तृत-समृद्ध समूह बनता है, जिसे बिंदु बादलों(Point clouds) के रूप में जाना जाता है|

बिंदु बादल के प्रत्येक बिंदु में तीन आयामी स्थानिक निर्देशांक) three dimensional spatial coordinates) हैं) | अक्षांश ,देशांतर और ऊंचाई) जो पृथ्वी की सतह पर एक विशेष बिंदु के अनुरूप है , जिसमें से एक लेजर पल्स को प्रतिबिंबित किया गया था| बिंदु बादलों का उपयोग अन्य भू-स्थानिक उत्पाद बनाने के लिए किया जाता है जैसे डिजिटल ऊंचाई मॉडल ,कैनोपी मॉडल ,भवन मॉडल और आकृति आदि |

**मीनाक्षी**

# HUMANS

**The world is yours,**

**If you are rich from mind;**

**God really exists,**

**If the power of belief is thy.**

**You are already late,**

**Do not try further to procrastinate;**

**Dark isn’t always desperate,**

**If the light of your mind is great.**


**You may be the creator, yet the destroyer,**

**You may be the savior, yet the grave writer;**

**The world is gifted to you; it is your garden,**

**Your ultimate job is to nurture it, you are the HUMAN.**

**विवेक दास**


हम बच्चे हिन्दुस्तान के,
प्यारे हैं भगवान के।
देश हमारा सबसे प्यारा,
दुनिया में है सबसे न्यारा।
चलो देश को स्वर्ग बनाएँ,
देश का झंडा ऊँचा उठाएँ।
घृताशी


**घृताशी** नड्डा




आदित्य द्विवेदी




दिव्यम नड्डा



विवेक दास




माही गहलोत




माही गहलोत




सुचेता रॉय

**May Lord Ganesha bless you all in the year 2021**





असकिनी शर्मा




ईशांत शर्मा


BUNGA
LION GUARD
Deeptanshu
Deeptanshu Jain
Class-III-A
Mount Carmel School

दीप्तांशु गाइन




देवांगना गाइन




जसप्रीत कौर



आरवी स्वर्णकार

सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान

CSIR-IHBT
1983